सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆"राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में "Run For Unity" कार्यक्रम के तहत हरी झंडी दिखाकर दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज दिनांक 31अक्टूबर, 2026 को लौह पुरुष, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 151 वीं जयंती "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी लाइन के पर्यवेक्षण में प्रतिसार निरीक्षक चन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण के साथ "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को चरितार्थ करते हुए हमारे देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को संरक्षित और सशक्त करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनपद सिद्धार्थनगर में "Run For Unity" कार्यक्रम के तहत रिजर्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर से हरी झण्डी दिखाते हुए हाइड्रिल तिराहा और हाइड्रिल तिराहा से साड़ी तिराहा और साड़ी तिराहा से पुलिस लाइन तक दौड़ लगायी गयी एवं आमजन में राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 151वीं जयंती पर "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई गयी।

आज दिनांक 31.10.2026 को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर डॉ अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस कार्यालय पर लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया तथा वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए सदा तत्पर रहेंगे तथा अपने देशवासियों में इस भावना का प्रसार करेंगे तथा सरदार पटेल के आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाएंगे की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक, रोहिणी यादव क्षेत्राधिकारी कार्यालय/अपराध, प्रतिसार निरीक्षक, पीआरओ पुलिस अधीक्षक सहित, अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 31.10.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆सेवानिवृत्त हुए उ0नि0 रामनरायण शुक्ला को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा "पुलिस अधीक्षक कार्यालय" में की गयी ससम्मान विदाई।

आज दिनांक 31.10.2026 को जनपद सिद्धार्थनगर से उ0नि0 रामनरायण शुक्ला अपनी सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर "पुलिस अधीक्षक कार्यालय" में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए उ0नि0 रामनरायण शुक्ला हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा ससम्मान विदाई की गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम सेवानिवृत्त होने वाले उ0नि0 रामनरायण शुक्ला से उनका परिचय प्राप्त करते हुये सेवाकाल के अनुभवों के बारे में वार्ता की गयी। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मी को माला पहनाकर, शाल व धर्मग्रन्थ आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी के भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना गया साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक सम्पर्क करने की बात कही गयी। महोदय द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मी को उनके सुखद, आनन्दपूर्ण व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई की गयी।

सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी का विवरण-

01.उ0नि0ना0पु0 रामनरायण शुक्ला महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 151वीं जयंती पर "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर जनपदीय पुलिस द्वारा अपनें-अपनें सर्किल/थानों पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई गयी।

आज दिनांक 31.10.2026 को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर डॉ अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया तथा अपनें-अपनें अधीनस्थ नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई गयी।

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज पर विवेचकगण के साथ अर्दली रुम/अपराध समीक्षा गोष्ठी किया गया तथा आगामी त्यौहार धनतेरस दीपावली और लंबित विवेचना के निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

आज दिनांक 31-10-2026 को ब्रिजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज पर विवेचकगण के साथ अर्दली रुम/अपराध समीक्षा गोष्ठी किया गया तथा आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली और लंबित विवेचना के निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। विवेचनाओं के निस्तारण, पुराने मामलों के निस्तारण, जनशिकायत द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में कड़े निर्देश दिये गये। शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, साक्ष्य के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही, निरोधात्मक कार्यवाही में गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने आदि बिन्दुओं पर निर्देश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 6 के अंतर्गत भवानीगंज थाना पर श्री राम इंटर कॉलेज की छात्रा संध्या भास्कर बनी एक दिवस की मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी, थाने पर होने वाली कार्यप्रणाली मालखाना, कार्यालय कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर सेल, पुरुष/महिला बंदीगृह, व अन्य रजिस्टरो के बारे मे जानकारी दी गयी।

डॉ० अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 31.10.2026 को मिशन शक्ति फेज 6.0 के अंतर्गत साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत संध्या भास्कर को मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी की कुर्सी पर बैठाकर फरियादियो की समस्याए सुनी तथा थाना पर होने वाली कार्यप्रणाली तथा सीसीटीएनएस पर होने वाले काम के बारे मे जानकारी दी गयी मालखाना, कार्यालय कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर सेल, पुरुष/महिला बंदीगृह, व अन्य रजिस्टरो के बारे मे जानकारी दी गयी थाना परिसर मे होने वाले कार्यो को बताया व दिखाया गया तथा श्रीराम इंटर कॉलेज कस्बा भवानीगंज से आयी छात्राओं को उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित "Mission Shakti 6.0 | तथा विशेषज्ञ श्री रक्षित टंडन द्वारा साइबर अपराधों, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में छात्राओं को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, फर्जी लिंक एवं कॉल के माध्यम से होने वाली ठगी, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी के दुरुपयोग, सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी, आपत्तिजनक पोस्ट एवं वीडियो, साइबर बुलिंग तथा व्यक्तिगत फोटो एवं जानकारी के दुरुपयोग से संबंधित साइबर अपराधों के विषय में जागरूक किया गया। साथ ही अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, पासवर्ड एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करते समय सावधानी बरतने तथा डिजिटल भुगतान के दौरान सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया।

छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव हेतु निम्नलिखित महत्वपूर्ण सावधानियों की जानकारी दी गई—

1. किसी भी अनजान कॉल, ई-मेल या संदेश में प्राप्त संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें तथा अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें।

2. किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम/डेबिट कार्ड का विवरण, बैंक खाते की गोपनीय जानकारी अथवा पासवर्ड साझा न करें।

3. सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, फोटो एवं वीडियो साझा करते समय सावधानी बरतें तथा किसी भी आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री को बिना सत्यापन के साझा न करें।

4. अपने मोबाइल एवं अन्य डिजिटल उपकरणों को पिन, पासवर्ड अथवा बायोमेट्रिक सुरक्षा से सुरक्षित रखें तथा ऑनलाइन खातों के लिए मजबूत एवं अलग-अलग पासवर्ड का प्रयोग करें।

5. ऑनलाइन खरीदारी एवं डिजिटल भुगतान के लिए विश्वसनीय माध्यमों का उपयोग करें तथा आकर्षक ऑफर एवं अनजान व्यक्तियों द्वारा दिए जाने वाले प्रलोभनों से सावधान रहें।

6. किसी भी प्रकार की ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत प्रस्तुत करें।

इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति सजग एवं सतर्क बनाना, डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देना रहा।

विभिन्न हेल्पलाइन नंबर-

- 112-पुलिस आपातकालीन सेवा
- 1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन
- 108-एंबुलेंस सेवा
- 1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
- 1098-चाइल्ड हेल्पलाइन
- 102- स्वास्थ्य सेवा

के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज

1. थाना अध्यक्ष विजय शंकर सिंह
2. उ0नि0 शिव प्रकाश शुक्ला
3. हे0का0 सुरेंद्र यादव
4. म0आ0 उर्मिला
5. म0आ0 निहारिका सिंह

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर कम्यूनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कोहडौरा तिराहा पर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन कर नशामुक्ति एवं साइबर अपराध जागरूकता अभियान व विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा श्री प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं श्री बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना त्रिलोकपुर के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 31.10.2026 को थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम कोहडौरा तिराहा , इटवा - बिस्कोहर रोड स्थिति सूरज भूजवाल के दुकान पर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।इस अवसर पर उपस्थित लोगो/ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना त्रिलोकपुर

उ0नि0 गणेश कुमार

म0का0 प्रिती

का0 राम भजन

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु कम्यूनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के पी0 वी0 जूनियर हाई स्कूल सलारगढ़ में गोष्ठी का आयोजन कर बच्चों को नशामुक्ति एवं साइबर अपराध जागरूकता के सम्बंध मे जानकारी दी गई।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में, थानध्यक्ष महोदय विनय प्रताप सिंह के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 31.10.2026 को थाना कपिलवस्तु ,जनपद सिद्धार्थनगर के पी0 वी0 जूनियर हाई स्कूल सलारगढ़ में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीपीयू के अंतर्गत नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं को नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के सम्बन्ध में अवगत किया गया तथा उन्हें साइबर हेल्पलाइन नं 1930 के बारे में भी बताया गया।आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया।लोगों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम

उ0नि0 सुमेर यादव

आ0 राहुल कुमार आशीष

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना इटवा कम्यूनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सेमरी में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन कर नशामुक्ति एवं साइबर अपराध जागरूकता अभियान व विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा वृद्ध पुरुषों एवं असहाय बुजुर्ग / व्यक्तियों साइबर और नशा मुक्ति सहायता एवं सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 31/10/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी पवीन प्रकाश तथा प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दुबे के कुशल नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट टीम द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन में दिनांक 31/10/2026 को जाकर ग्राम सेमरी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगरमें नशा मुक्ति व साइबर फ्रॉड के बारे में समझाया गया तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और नंबरों के बारे में बताया गया पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर बताया गया तथा यथोचित सहायता का भरोसा दिया गयासंपर्क करने व कुशलक्षेम वो समस्याएं जानने और सहयोग करने का आश्वासन दिया गया उच्च अधिकारीगण से प्राप्त आदेश निर्देश से अवगत कराया गया उनकी समस्याओं को भी सुना गया तथा सरकारी सहायता कार्यक्रम के बारे में नव युवकों को मादक पदार्थों से दूरी बनाए रखना और जीवन में सभ्य और सु संस्कृत नागरिक बनने तथा परिजनों द्वारा अपने-अपने बच्चों बच्चियों में प्रतिदिन संपर्क करने और मित्रवत व्यवहार करने के बारे में बताया

कम्युनिटी पुलिस टीम

निरी0 संतोष कुमार त्रिपाठी

Si राजेंद्र शाही

म 0का 0रविता यादव

म 0का 0साधना यादव

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत थाना ख़ेसरहा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्राम मैथवलिया में साइबर अपराध सुरक्षा, महिल सम्बंधी अपराध व एंटी रोमियो के सम्बंध में बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 31.10.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक राम कृष्ण मिश्र थाना खेसरहा के निर्देशन में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम मैथवलिया में महिलाये व बलिकाए उपस्थित हुए जिन्हे महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता,नये कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी देते हुए व उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों के तहत जागरुक किया गया। विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- 112-पुलिस आपातकालीन सेवा , 1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन

108-एंबुलेंस सेवा , 1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098-चाइल्ड हेल्पलाइन,102- स्वास्थ्य सेवा

के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना खेसरहा टीम

1. उ.नि.श्री जियाउल्लाह

2. म0का0 प्रिया चौहान

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ मिशन शक्ति अभियान फेज 6 के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्राम खोरिया रघुबीर सिंह में साइबर अपराध सुरक्षा, महिल सम्बंधी अपराध व एंटी रोमियो के सम्बंध में बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज श्री बृजेश कुमार वर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष पथरा बाजार जनार्दन प्रसाद के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के ग्राम खोरिया रघुबीर सिंह में चौपाल लगाकर बहू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसी बहुओं/महिलाओं को जागरूक करना था जो अपनी समस्याओं को लेकर थाने तक नहीं आ पाती हैं।चौपाल के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मसुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों से बचाव तथा गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।साथ ही मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया, जहाँ महिलाएं अपनी समस्याओं को दर्ज करा सकती हैं। महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी अवगत कराया गया-112-पुलिस आपातकालीन सेवा , 1090-वूमेन पावर हेल्पलाइन 108-एंबुलेंस सेवा , 1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098-चाइल्ड हेल्पलाइन,102- स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

*1. उप निरीक्षक विजय सिंह

*2 . का 0 संजय गौतम

*3. म 0 का 0 नेहा सिंह

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई द्वारा थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, मूर्तिकार, डी0जे0 धारक एवं प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों तथा उनके कमेटी के सदस्य एवं अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी बैठक की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन, व क्षेत्राधिकारी बांसी सुबेन्दु सिंह के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में आगामी त्यौहार दीपावली, लक्ष्मी पूजा व छठ पूजा को सकुशल शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु आज दिनांक 31.10.2026 को थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई द्वारा थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, मूर्तिकार, डी0जे0 धारक एवं प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों तथा उनके कमेटी के सदस्य एवं अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों की पीश कमेटी मीटिंग आहूत की गयी। मीटिंग में उपस्थित सभी व्यक्तियों से उक्त त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशो का पालन करने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र (डी0जे0) संचालन माननीय न्यायालय द्वारा निर्देशित आदेश के अनुरुप किये जाने हेतु अवगत कराया गया।

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ एकता परेड कार्यक्रम का रिजर्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में हुआ सजीव प्रसारण।

◆ जनपद के थानो व कार्यालयो पर एकता परेड का सजीव प्रसारण अधिकारी/ कर्मचारीगण द्वारा स्थानीय नागरिकों के साथ देखा गया।

आज दिनांक 31.10.2026 को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में गुजरात के एकतानगर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम "एकता परेड" का सजीव प्रसारण रिजर्व पुलिस लाइन, सिद्धार्थनगर में किया गया। इस दौरान डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर द्वारा प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर, अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों व स्थानीय नागरिकों के साथ सजीव प्रसारण देखा गया। माननीय प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को सुना गया तथा राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा की शपथ ली गई। सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने माननीय प्रधानमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस भव्य परेड को देखा तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता, सुरक्षा और सामाजिक समरसता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया गया।

इसी क्रम में जनपद के सभी थानो/कार्यालयो में "एकता परेड" का सजीव प्रसारण क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारीगण द्वारा अपने थानो /कार्यालयो के अधीकारी/ कर्मचारीगण व स्थानीय नागरिकों के साथ देखा गया तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता, सुरक्षा और सामाजिक समरसता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया गया।